St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi Grammar : (2nd Term) **(Answer Worksheet –9)** **Date: 17.08.2020**
Topic: अपठित गदयांश **Class -3**

अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नो के उत्तर दो :-

एक महात्मा बरसाती नदी में नहा रहे थे | उन्होंने देखा कि एक बिच्छू नदी की धारा में बहा जा रहा है | महात्मा ने उसे बचाना चाहा | उन्होंने आगे बढ़कर उसे हाथ में उठा लिया | बिच्छू ने महात्मा के हाथ में डंक मारा , जिससे उनका हाथ हिल गया और बिच्छू पानी में गिरकर बहने लगा |

महात्मा ने बिच्छू को फिर उठाया | इस बार भी बिच्छू ने डंक मारा | महात्मा का हाथ हिला और बिच्छू फिर से पानी में गिर गया | महात्मा ने तीसरी बार फिर उसे उठाया | पास नहाने वाले एक सज्जन ने महात्मा से कहा कि बिच्छू बार - बार उन्हें डंक मार रहा है , फिर भी वह उसे बचाना चाहते है | महात्मा ने कहा कि इसका स्वभाव डंक मारना है और मेरा स्वभाव बचाना है | जब यह कीड़ा होकर भी अपना स्वभाव नहीं छोड़ता, तो वे मनुष्य होकर अपना स्वभाव कैसे छोड़ सकते हैं |

1 बिच्छू कहाँ था ?

उ- बिच्छू बरसाती नदी की धारा में बहा जा रहा था |

2 महात्मा ने बिच्छू को देखकर क्या किया ?

उ- महात्मा ने बिच्छू को बचाना चाहा और आगे बढ़कर उसे हाथ में उठा लिया |

3 बिच्छू के डंक मारने पर क्या हुआ ?

उ- बिच्छू ने महत्मा के हाथ में जैसे ही डंक मारा , तो उनका हाथ हिल गया और बिच्छू पानी में गिरकर बहने लगा |

4 एक सज्जन ने महात्मा से क्या कहा ?

उ- नदी में नहाने वाले एक सज्जन ने महात्मा से कहा कि बिच्छू बार - बार डंक मार रहा है , फिर भी वह उसे बचाने की कोशिश क्यों कर रहे है ?

5 महात्मा ने सज्जन को क्या उत्तर दिया ?

उ- महात्मा ने सज्जन को उत्तर दिया कि जब यह कीड़ा होकर अपना स्वभाव नहीं छोड़ता, तो वह मनुष्य होकर अपना स्वभाव कैसे छोड़ सकते हैं ।

6 इस कहानी का शीर्षक बताओ ।

उ-इस कहानी का शीर्षक हैं - अपना अपना स्वभाव

खाली जगह भरो :-

7 **महात्मा** ने तीसरी बार फिर उसे उठाया ।

8 एक महात्मा **बरसाती** नदी में नहा रहे थे ।

किसने , किससे कहा ?

9 बिच्छू बार - बार उन्हें डंक मार रहा हैं ।

उ- एक सज्जन ने महात्मा से कहा ।

विलोम शब्द

10 महात्मा - **दुरात्मा**

वचन बदलो :-

11 नदी - **नदियाँ**

पर्यायवाची शब्द लिखो :-

12 जल - **पानी , नीर**

एक संज्ञा शब्द छाँटकर लिखो :-

13 **बिच्छू**

एक विशेषण छाँटकर लिखो :-

14 **तीसरी**

वाक्य बनाओ :-

15 स्वभाव - हमारा **स्वभाव** ही हमारी पहचान हैं ।

Poonam Mehra

Poonam Mehra